भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 3169
उत्तर देने की तारीखः 15.03.2021

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर पाठ्यक्रम

3169. श्री रामस्वरूप शर्मा:

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क): क्या सरकार देश की भावी पीढियों के लिए विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर लोगों के बलिदान की वास्तविक कहानियों को शामिल करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या निकट भविष्य में ऐसी कोई योजना प्रस्तावित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग): राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों का वर्तमान सेट राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क (एनसीएफ), 2005 के आधार पर तैयार किया गया है। इन पाठ्यपुस्तकों में, उन देशभक्त स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियों के कतिपय संदर्भ दिए गए हैं, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की उद्घोषणा के परिणामस्वरूप, एक नया राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क (एनसीएफ) तैयार किया जाएगा और उसके बाद सभी विषयों में पाठ्यपुस्तकें तैयार की जाएगी। पाठ्यपुस्तकों को गहन शोध एवं परामर्श के उपरांत तैयार किया जाएगा। उच्चतर शिक्षा में भी एनईपी का अनुसरण किया जाएगा।

*****